Literacy for a Billion

Movie: Ram Teri Ganga Maili
Year: 1985

Song: Sun Sayba Sun
Lyricist: Ravindra Jain

सुन सायबा सुन
प्यार की धुन
सुन सायबा सुन
प्यार की धुन

हो मैंने तुझे चुन लिया
तू भी मुझे चुन
चुन चुन सुन
सुन सायबा सुन
प्यार की धुन

हो मैंने तुझे चुन लिया
तू भी मुझे चुन ...

सुन सायबा सुन
ओ ...
प्यार की धुन
आ ...

कोई हसीना क़दम
पहले बढ़ाती नहीं
मजबूर दिल से ना हो
तो पास आती नहीं

मजबूर दिल से ना हो
तो पास आती नहीं

खुशी मेरे दिल को

हद से ज़्यादा है
तेरे संग ज़िन्दगी
बिताने का इरादा है
हो ...
प्रीत के ये धागे तू भी
संग मेरे बुन

सुन सायबा सुन
सुन सुन सुन
प्यार की धुन

हो मैंने तुझे चुन लिया
तू भी मुझे चुन
चुन चुन सुन
सुन सायबा सुन आ ...
प्यार की धुन

तू जो हाँ कहे तो
बन जाए बात भी
हो तेरा इशारा तो
चल दूँ मैं साथ भी
हो तेरा इशारा तो
चल दूँ मैं साथ भी

तेरे लिए सायबा
नाचूँगी मैं गाऊँगी
दिल में बसा ले
तेरा घर भी बसाऊँगी

Literacy for a Billion

हो डाल दे निगाह कर दे
प्यार का शगुन

सुन सायबा सुन आ ...
प्यार की धुन
हो ओ ...
मेरा ही ख़ूने जिगर
देगा गवाही मेरी
तेरे ही हाथों लिखी
शायद तबाही मेरी

हो ...
तेरे ही हाथों लिखी
शायद तबाही मेरी

दिल तुझपे वारा है
जान तुझपे वारूँगी
आए कि ना आए
तेरा रस्ता निहारूँगी

कर ले कुबूल मुझे
होगा बड़ा पुन ...

सुन सायबा सुन
सुन सुन सुन
प्यार की धुन

हो मैंने तुझे चुन लिया
तू भी मुझे चुन
चुन चुन सुन
सुन सायबा सुन आ ..
प्यार की धुन आ ...

ओ सायबा सायबा
ओ सायबा सायबा

हो मैंने तुझे चुन लिया
तू भी मुझे चुन
सुन सायबा सुन

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.